# St. Joseph's Senior Secondary School
DEFENCE COLONY, KANPUR - 208 010
Mobile : 9140755855, 7388700555 • Phone : 0512-2450065
E-mail : sjssschool@yahoo.com • Website : www.stjosephsknp.org

School code: 70732 Affiliation No.2130013

Date: 16.10.2023

प्रिय अभिभावक,

**विद्यार्थियों की उपस्थिति व पढ़ाई के रुझान के प्रति नीरसता को देखते हुए अभिभावकों के सहयोग की निम्नलिखित बिंदुओं पर अपेक्षा रखती हूँ –**

- विद्यालय के दिनों में बच्चों को लंबे अवकाश जाने से बचाएं।
- विद्यालय में छात्र छात्राओं की उपस्थिति कम से कम 75% अनिवार्य है।
- नियमानुसार 75% से कम उपस्थिति होने पर बोर्ड से परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी।
- अन्य रचनात्मक गतिविधियों जैसे खेलकूद, अभिरुचि कक्षाएं आदि में भी उपस्थित रहना अनिवार्य है।
- विद्यार्थियों के अनुपस्थित रहने पर प्रार्थना पत्र /आवेदन पत्र देना अनिवार्य है।
- विद्यार्थियो को विद्यालय रोज बिना किसी कारण न आना उसकी पढ़ाई के प्रति कम रुचि को दर्शाता है जो गंभीर विषय है। अभिभावकों को बच्चों के इस रवैये पर सख्त कदम उठाकर विद्यालय आने को प्रेरित कर सहयोग प्रदान करना है।
- गुरु शिष्य परम्परा बच्चों के संवेगात्मक, भावात्मक, सामाजिक एवं मानसिक विकास करने हेतु आवश्यक है अत: सोशल मीडिया (मोबाईल) को इस परंपरा का विकल्प न बनने दे। यह विकल्प उनकी विचारात्मक शक्ति को कम करता है।
- अभिभावक बच्चों पर अपनी महत्वाकांक्षाओं का दबाव न बनाते हुए उनकी रुचि के अनुसार विषयों के चयन में सहयोग प्रदान करे जिससे वे विषय को पढ़ने मे कक्षा में रुचि लें , ट्यूशन जाने में समय व्यर्थ न करें और स्वयं अध्ययन करने में रुचि ले।
- दिये गए निर्धारित समय से विद्यालय पहुँचना अनिवार्य है।
- विद्यालय में बच्चों की शैक्षिक उन्नति एवं अंकों मे अधिक सुधार हेतु अतिरिक्त कक्षाओं की भी व्यवस्था की गई है अत: अभिभावकों से अनुरोध है कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित करे।

सहयोग हेतु आभार एवं धन्यवाद !

भवदीया

Sonia

सि. डॉ. सोनिया वरघीस
प्रधानाचार्या
सेंट जोसेफ सीनियर सेकन्डेरी स्कूल
डिफेन्स कॉलोनी, कानपुर – 208010

PRINCIPAL
ST. JOSEPH'S SR. SEC. SCHOOL
KANPUR, U.P. - 208010